प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व ऐनिमेशन दिवस पर युवाओं से देश को एनिमेशन की दुनिया में विश्वशक्ति बनाने का किया आह्वान।
- देशभर में आज से सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत–भ्रष्टाचार के खिलाफ होंगे कई जागरूकता कार्यक्रम।
- राज्य में सात सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव के तहत आज होंगी नामांकन पत्रों की जांच।
- आरजेएस परीक्षा का परिणाम जारी–हनुमानगढ की राधिका बंसल ने टॉप किया।

00000

आज विश्व एनिमेशन दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लें। आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है। श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज भारतीय ऐनिमेटेड पात्र छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू–पतलू के प्रशंसक दुनिया भर में मौजूद हैं। उन्होंने युवाओं से अपनी सृजनात्मकता को विस्तार देने की अपील की।

.....

00000

सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने के लिए आज से देश भर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाया जा रहा है। सप्ताह का विषय है– राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति। ये सप्ताह शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। सप्ताह का पालन मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संगठनों में लोक सेवकों द्वारा शपथ लेने के साथ शुरू होगा। सप्ताह के दौरान भ्रष्ट आचरण के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए कई समारोह आयोजित किए जाएंगे। गौरतलब है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन वाले सप्ताह में किया जाता है।

00000

रेलवे ने महिला और बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से संवेदनशील बच्चों की सुरक्षा के लिए संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी जारी की है। रेल मंत्रालय ने कहा है कि ये एसओपी भारतीय रेलवे के संपर्क में आने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करती है। यह एसओपी अपने परिवार से अलग हो चुके संवेदनशील बच्चों को सुरक्षा प्रदान करके बाल शोषण और तस्करी को रोकने की भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करती है। संवेदनशील बच्चों की सुरक्षा के लिए देश भर के लगभग 262 स्टेशनों पर मानव तस्करी रोधी इकाई स्थापित की जाएगी। इसके अलावा रेलवे, ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए मेरी सहेली अभियान भी चला रहा है।

000000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि पुष्कर मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और इसको यादगार बनाने के लिए पर्यटन विभाग पूरा प्रयास कर रहा है। कल अजमेर में पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पुष्कर मेला अपनी पूरी वैभवता के साथ आयोजित किया जायेगा और इसे भव्य और आकर्षक बनाने के पूरे इंतजाम किये जायेंगे। इससे पहले मेयो गर्ल्स कॉलेज में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में दीया कुमारी ने कहा कि छात्राएं समाज की पथ प्रदर्शक होती है और इनके द्वारा अपनी काबिलियत और नैतिकता के बल पर देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। उन्होंने बालिकाओं को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनने का अह्वान किया।

00000

कोटा के राष्ट्रीय दशहरा मेले का आज शाम समापन हो जायेगा। विजयश्री रंगमंच पर होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

000000

राज्य में विधानसभा की 7 सीटों पर 13 नवंबर को होने जा रहे उपचुनाव में 2 हजार 365 बुजुर्ग और सवा आठ सौ दिव्यांग सहित करीब बत्तीस सौ मतदाता घर से पोस्टल बैलट के जरिए मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इसके लिए मतदान दल पूर्व निर्धारित तारीख और समय के अनुसार इन मतदाताओं के घर पहुंचकर होम वोटिंग करवाएंगे। होम वोटिंग के समय सम्बंधित राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। श्री महाजन ने बताया कि होम वोटिंग 4 से 10 नवम्बर की बीच दो चरणों में संपन्न होगी। किसी कारणवश पात्र मतदाता तय समय पर घर पर नहीं मिलता है, तो मतदान दल 9 और 10 नवम्बर को दोबारा होम वोटिंग के लिए घर पहुंचेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश की रामगढ़, दौसा, देवली–उनियारा, झुंझुनू, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में 94 उम्मीदवारों की ओर से कुल 118 नामांकन पत्र दाखिल किये गये है। आज इन नामांकन पत्रों की जांच का काम किया जायेगा। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे। वोटो की गिनती 23 नवंबर को होगी।

00000

राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान ज्यूडिशियरी सर्विस–आरजेएस परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। घोषित परिणाम में हनुमानगढ़ के थेड़ी गंगानी गांव निवासी राधिका बंसल ने पहला स्थान हांसिल किया है। घोषित परिणामों में शुरूआती दस में से 9 स्थानों पर बेटियों ने बाजी मारी है। अजमेर की तीन अभ्यर्थियों का भी चयन हुआ है। घोषित नतीजों में सामान्य श्रेणी के 92, अनुसूचित जाति से 35 और अनु.जनजाति से 24 अभ्यर्थी सफल हुए है। ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी से 21 जबकि ओबीसी नॉन क्रिमिलेयर में 45 और नॉन क्रिमिलेयर एमबीसी में पांच अभ्यर्थी चयनित हुए हैं।

00000

दीपावली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही प्रदेशभर में रौनक बढ गई है। जयपुर के बाजारों में होने वाली सजावट और आकर्षक रोशनी की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कल कई व्यापार मंडलों की ओर से बाजारों में रोशनी का पूर्व परीक्षण किया गया। वहीं अधिकांश बाजारों में आज से रोशनी शुरू हो जायेगी।

00000

भरतपुर में पर्यटन को बढावा देने के लिए बाद वहां कई विकास कार्यों की योजना बनाई गई है। जिले में स्थित केवला देव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान और सुजानगंगा नहर के सौंदर्यकरण के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है।

....

00000

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर सरहदी जिले जैसलमेर में पंजीकरण और सोलर प्लांट लगाने का काम शुरू हो गया है। योजना को लेकर जिले के डिस्कॉम अधिकारियों को उपखंडवार लक्ष्य दिये गये है। अधीक्षण अभियंता घनश्याम चौहान ने बताया कि फील्ड अधिकारियों को योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए कहा गया है।

00000